AIDS NO-06-104/08 (IEC) Ext-03
बिहार सरकार
स्वास्थ्य विभाग
बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति
राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान भवन
शेखपुरा, पटना–800014 Phone No. 0612.2290278
E-mail-biharsacs@gmail.com Fax No. 0612-2282082

पत्रांक – 521 दिनांक – 20/07/2016

प्रेषक,

मनोज कुमार सिन्हा
संयुक्त निदेशक (आई0 ई0 सी0)

सेवा में,

**कुलसचिव,**
मगध विश्वविद्यालय, बोधगया/वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा,/ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय,दरभंगा/बी0 आर0 ए0 बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर/जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा/भू0 ना0 मं0 विश्वविद्यालय, मधेपुरा/राजेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, पूसा, समस्तीपुर/कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा/राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना/चाणक्या विधि विश्वविद्यालय, पटना/केन्द्रीय विश्वविद्यालय बिहार, पटना/पटना विश्वविद्यालय, पटना/बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर/तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर।

**निदेशक,**
चन्द्रगुप्त प्रबन्धन संस्थान, पटना/राष्ट्रीय फैशन तकनीकी संस्थान, पटना/अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना।

**विषयः–**विश्वविद्यालय/संस्थान के छात्र-छात्राओं में रक्तदान को बढ़ावा देने हेतू समिति के Website-www .bsacs.in पर पंजीकरण करवाने के संबंध में।

**महाशय,**

उपरोक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि विश्वविद्यालय/संस्थान के युवाओं में एच0 आई0 वी0 और एड्स के प्रति जागृति लाने हेतु तथा स्वैछिक रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए महाविद्यालयों/संस्थानों मे रेड रिबन क्लब का संचालन बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति, पटना द्वारा किया जाता है।

इसी क्रम मे राज्य मे रक्तदान को बढ़ावा देने हेतु समिति के Website-www.bsacs.in पर I will Donate नाम से लिंक बनाया गया है जिसका उदेश्य है कि स्वैछिक रक्तदाता स्वयं को विवरणी के साथ अपना पंजीकरण करा सके। ताकि आवश्यकता पड़ने पर आम लोगो के द्वारा सुगमता से रक्तदाता से संपर्क किया जा सके।

अतः आपसे अनुरोध है कि संबंधित पदाधिकारियों को विश्वविद्यालय/संस्थान एवं सभी महाविद्यालयो के छात्र-छात्राओं मे उपरोक्त संदेश संप्रेषित करने एवं सूचना पट्ट पर भी चस्पा करने हेतू अपने स्तर से निदेशित करना चाहेंगे।

विश्वासभाजन

मनोज कुमार सिन्हा 20/07/16
संयुक्त निदेशक (आई0 ई0 सी0)